आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 16.03.2025 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने कहा– सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण के लिए सतत प्रयासरत है।
- राजधानी देहरादून में आयोजित होने वाला ऐतिहासिक झंडे जी मेला 19 मार्च से होगा आरंभ।
- प्रदेश में चारधाम यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण जल्द शुरू होंगे। प्रशासन चारधाम यात्रा की तैयारियां में जुटा।
- पिथौरागढ़ सैन्य क्षेत्र के कुमाऊं परिसर में कल पूर्व सैनिकों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर और रैली का आयोजन किया जाएगा।
- **और,** प्रसार भारती को देश भर में हॉकी को बढ़ावा देने और इसके मैचों के प्रसारण के लिए हॉकी इंडिया जमन लाल शर्मा पुरस्कार–2024 से सम्मानित किया गया।

**स्वास्थ्य मंत्री**

स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण के लिए सतत प्रयासरत है, ताकि आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। आज देहरादून में आयोजित उत्तराखंड नर्सिंग एसोसिएशन के अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए डॉ रावत ने ये बात कही। इस अवसर पर उन्होंने एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में नर्सिंग संवर्ग के विस्तार और उच्चीकरण को लेकर आभार प्रकट किया।

**इस्तीफा**

प्रदेश के संसदीय व वित्तमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने ये जानकारी पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि वे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को अपना इस्तीफा सौंपगें।

डेस्क

**झंडा मेला**

राजधानी देहरादून में आयोजित होने वाला ऐतिहासिक झंडे जी मेला 19 मार्च से शुरू होगा। यह मेला होली के पांच दिन बाद शुरू होता है। इस बार 90 फीट ऊंचे नए ध्वजदण्ड को कंधों पर उठाकर संगतें श्री दरबार साहिब पहुंच रही है। देश के विभिन्न राज्यों पंजाब, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान से श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है। इस बीच दरबार साहिब में पूजा–अर्चना के बाद श्रीमहंत देवेंद्र दास महाराज ने श्रद्धालुओं को दर्शन दिए। उन्होंने पदाधिकारियों और आयोजन समिति के पदाधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। मेला आयोजन समिति ने श्री झंडे जी के आरोहण की तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। समिति का अनुमान है कि झंडे जी के आरोहण के दौरान लाखों श्रद्धालु श्री दरबार साहिब पहुंचेंगे।

चारधाम यात्रा

प्रदेश में वर्ष 2025 की चारधाम यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण जल्द शुरू होंगे। इस बार सरकार ने तीर्थयात्रियों के लिए ऑनलाइन के साथ ऑफलाइन पंजीकरण की भी व्यवस्था की है। श्रद्धालु उत्तराखंड सरकार की आधिकारिक वेबसाइट– registrationandtouristcare.uk.gov.in पर लॉगइन कर पंजीकरण करवा सकेंगे।

साथ ही ऑफलाइन पंजीकरण के लिए सरकार ने हरिद्वार, ऋषिकेश और देहरादून के विकास नगर में काउंटर स्थापित किए हैं। यात्रा के शुरुआती 15 दिनों के दौरान 24 घण्टे सातों दिन ऑफ़लाइन पंजीकरण किए जाएंगे, ताकि प्रक्रिया को परेशानी मुक्त बनाया जा सके।

तीर्थयात्रियों की यात्रा को सुगम और बेहतर बनाने के उद्देश्य से सरकार ने यात्रा के पहले महीने के दौरान वीआईपी दर्शन पर रोक लगाई है।

गौरतलब है कि 30 अप्रैल को गंगोत्री और यमुनोत्री मंदिर के कपाट खुलने के साथ ही चारधाम यात्रा की शुरूआत हो जाएगी, जबकि केदारनाथ धाम के कपाट दो मई और बदरीनाथ धाम के कपाट चार मई को खुलेंगे। हेमकुंड साहिब के कपाट 25 मई को श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे।

**पॉडकास्ट**

प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से लेक्स फ्रिडमैन के साथ बातचीत का अपना पॉडकास्ट साक्षात्कार सुनने का अनुरोध किया है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि श्री फ्रिडमैन के साथ उनकी बहुत अच्छी बातचीत हुई। इस बातचीत में श्री मोदी के बचपन, हिमालय में बिताए गए समय और सार्वजनिक जीवन समेत कई अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई।

**हाइपर–लूप टेस्ट ट्यूब**

रेल, सूचना और प्रसारण तथा इलैक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि आईआईटी चेन्नई में 410 मीटर लंबी हाइपर–लूप टेस्ट ट्यूब एशिया की सबसे लंबी हाइपर–लूप टेस्ट सुविधा है और जल्द ही यह दुनिया की सबसे लंबी हाइपर–लूप टेस्ट सुविधा बन जाएगी। केन्द्रीय मंत्री ने कल आईआईटी मद्रास डिस्कवरी कैंपस में हाइपर–लूप परीक्षण सुविधा का लाइव प्रदर्शन देखा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भारत जल्द ही हाइपर–लूप परिवहन के लिए तैयार हो जाएगा।

**टीकाकरण**

आज देशभर में राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस मनाया गया। यह दिवस टीकाकरण के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए हर वर्ष 16 मार्च को मनाया जाता है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया है कि देश के प्रत्येक बच्चे की स्वास्थ्य सुरक्षा का लक्ष्य हासिल करने के लिए टीकाकरण अनिवार्य है। मंत्रालय ने बताया है कि राज्य सरकारों और समर्पित अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर सरकार बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाने के लिए प्रतिबद्ध है। संपूर्ण टीकाकरण कवरेज के तेजी से विस्तार के लिए वर्ष 2014 में मिशन इंद्रधनुष की शुरूआत की गई थी। इसका उद्देश्य शिशु मृत्युदर में कमी लाना और बच्चों में संपूर्ण टीकाकरण को प्रभावी बनाना था।

**भूतपूर्व सैनिक रैली**

राष्ट्र की सुरक्षा में भूतपूर्व सैनिकों के योगदान के प्रति आभार व्यक्त करने के उदेश्य से कल सुबह साढ़े नौ बजे से शाम चार बजे तक पिथौरागढ़ सैन्य क्षेत्र के कुमाऊँ परिसर में भूतपूर्व सैनिकों की रैली आयोजित की जाएगी। रैली में वेतन, पेंशन और बैंक संबंधी समस्याओ का निराकरण और निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। साथ ही भूतपूर्व सैनिकों के लिए रोजगार के अवसर से जुड़ी तथा सेना में मर्ती के बारे में जानकारी दी जाएगी। रैली में पिथौरागढ़ पुलिस द्वारा भी भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों को पुलिस विभाग से जुडी समस्याओं के निराकरण और उनके विभाग द्वारा चलाई जा रही बिभिन्न योजनाओं के बारे में सम्बोधित किया जाएगा। इसके अलावा रैली में उपस्थित विशिष्ट भूतपूर्व सैनिकों और वीर नारीयों को भी सम्मानित किया जाएगा।

**पुरस्कार**

प्रसार भारती को वर्ष 2024 में हॉकी के प्रसारण और संवर्धन में योगदान के लिए जमन लाल शर्मा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कल नई दिल्ली में सम्मान समारोह में ये सम्मान दिया गया। समारोह में पचास वर्ष पहले 15 मार्च को ही कुआलालम्पुर में भारत को एकमात्र विश्व कप जिताने वाली अजितपाल सिंह के नेतृत्व वाली भारतीय टीम को पचास लाख रूपये नकद राशि के साथ ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार प्रदान किया गया। पेरिस ओलंपिक्स में कांस्य पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को वर्ष 2024 के सर्वश्रेष्ठ पुरूष खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया और महिला हॉकी टीम की गोलकीपर सविता पूनिया को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार दिया गया। पिछले वर्ष अंतर्राष्ट्रीय हॉकी से संन्यास लेने वाले पुरूष हॉकी टीम के भूतपूर्व गोलकीपर पी आर श्रीजेश को 2024 में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ का सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का पुरस्कार जीतने पर सम्मानित किया गया। हॉकी इंडिया की तमिलनाडु इकाई को तमिलनाडु स्कूल हॉकी लीग शुरू करने के लिए सर्वश्रेष्ठ इकाई का पुरस्कार दिया गया। इस वर्ष हॉकी इंडिया भारतीय हॉकी के सौ वर्ष पूरे होने और 1975 में ऐतिहासिक विश्व कप जीत की स्वर्ण जयंती मना रहा है। हॉकी इंडिया पुरस्कारों के इतिहास में इस बार रिकॉर्ड 12 करोड़ रूपये की राशि वितरित की गई।

**जयंती**

आज देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत की जयंती है। इस मौके पर उनके अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण को लोग सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उन्हें याद कर रहे है। सोशल मीडिया पोस्ट संदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उन्हें माँ भारती की सेवा में अपना सम्पूर्ण जीवन न्योछावर करने वाले, भारत के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ, उत्तराखंड के गौरव जनरल बिपिन रावत जी की जयंती पर नमन किया है।

**भालू हमला**

पौड़ी जिले के बीरोंखाल ब्लॉक के तोल्यूं विरगणा में आज जंगल में बकरियां चराने गए एक वृद्ध की भालू के हमले में मृत्यु हो गई। कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने प्रशासन को मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता देने और सुरक्षा की दृष्टि से क्षेत्र में आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। इस पर थलीसैंण रेंज अधिकारी महेंद्र रावत ने बताया कि क्षेत्र में विभाग की टीम भेजकर गश्त बढ़ा दी गई है।

मौसम

राजधानी देहरादून में दोपहर बाद से कहीं–कहीं बादल छाए रहे तो कहीं धूप खिली रही। इस बीच मौसम विभाग ने आज देहरादून, उत्तरकाशी समेत प्रदेश के अधिकांश जिलों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। इसके साथ ही आकाशीय बिजली गिरने का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार अगले 36 घंटों के दौरान प्रदेश के साढ़े तीन हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी के आसार हैं। कल से मौसम शुष्क रहेगा।

राष्ट्रीय सम्मेलन

प्रतिस्पर्धा कानून के अर्थशास्त्र पर 10वां राष्ट्रीय सम्मेलन नई दिल्ली में चल रहा है। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कॉर्पोरेट मामलों के राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि यह सम्मेलन भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय अर्थव्यवस्था पिछले दस वर्षों में 11वें स्थान से पांचवें स्थान पर आ गई है। श्री मल्होत्रा ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था अगले चार वर्षों में वैश्विक स्तर पर तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगी।